# स्वस्थ एवं सुखी समाज के भागीरथी कार्य का पथ प्रदर्शक – मीडिया



महासम्मेलन में भारत व नेपाल से आए 1500 मीडियाकर्मी। मंचासीन हैं ब्र.कु. चंद्रकला, एन.के. सिंह, डॉ. शकील अंसारी, ब्र.कु. करुणा, ब्र.कु. निर्वैर, जस्टिस वी.ईश्वरैया, राजीव रंजन नाग व सिमरण आहुजा।

**शांतिवन।** आनंद, अहिंसा एवं सद्भाव से परिपूर्ण समाज की संरचना करने में मीडिया सशक्त भूमिका निभाने में समर्थ है। ज़रूरत इस बात की है कि इस भागीरथी कार्य को अंजाम देने के लिए पहले मीडिया स्वयं मूल्यनिष्ठ बने। उक्त उद्‌गार राष्ट्रीय पिछड़ी जाति आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी.ईश्वरैया ने ब्रह्माकुमारीज़ के मीडिया प्रभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में स्थापित किए गए आयामों का हवाला देते हुए कहा कि नकारात्मकता पर जब सकारात्मकता को अधिमान दिया जाएगा तो कोई भी शक्ति स्वर्णिम भारत के निर्माण में बाधा नहीं बन पाएगी।

आयोग के सदस्य डॉ. शकील अंसारी ने कहा कि जब मीडिया सकारात्मक चिंतन का पहरेदार बनेगा तभी समाज को मूल्यनिष्ठ बनाना संभव होगा।

ब्रॉडकास्टिंग एडिटर्स एसोसिएशन के महासचिव एवं मूल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एन.के. सिंह ने कहा कि भारतीय समाज मूल्यों के पतन के अभूतपूर्व संकट से गुज़र रहा है। मीडिया इससे पूर्व कभी इतना सशक्त नहीं था। अपनी स्वतंत्रता और निष्पक्षता से जुड़े मूल्यों के प्रहरी बनकर ही हम स्वस्थ एवं सुखी समाज के लिए ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सहभागी बन सकते हैं। प्रेस परिषद के सदस्य राजीव रंजन नाग ने कहा कि मूल्यों की गिरावट से न केवल भारत बल्कि पूरा विश्व प्रभावित हो रहा है। संतोष इस बात का है कि अन्य देशों की अपेक्षा भारत की स्थिति कहीं बेहतर है।

संस्था के महासचिव ब्र.कु. निर्वैर ने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि

– शेष पेज 9 पर...

## महासम्मेलन के मुख्य बिन्दु

**1. मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन – जस्टिस वी.ईश्वरैया ने कहा, मूल्यनिष्ठ समाज के भागीरथी कार्य को सरअंजाम दे मीडिया।**


**2. ब्रॉडकास्टिंग एडिटर्स एसोसिएशन के महासचिव एन.के. सिंह – स्वतंत्रता और निष्पक्षता से जुड़े मूल्यों का प्रहरी बनकर ही मीडिया दे सकता है स्वस्थ एवं सुखी समाज।**

**3.संस्थान के महासचिव ब्र.कु. निर्वैर – संसार में सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिए चाहिए सुदृढ़ मनोबल जो आध्यात्मिक ज्ञान से ही प्राप्त होगा।**

**4. मीडिया प्रभाग के उपाध्यक्ष ब्र.कु. करुणा – दादी प्रकाशमणि के स्नेह से बंधे मीडियाकर्मियों ने स्व-परिवर्तन व विश्व परिवर्तन का स्लोगन पहुंचाया जन जन तक।**

**5. प्रभाग के अध्यक्ष ब्र.कु. ओमप्रकाश – संदेश में कहा कि हिंसा व अशांति से देश को मुक्त बनाने में मूल्यनिष्ठ मीडिया निभाए अहम भूमिका।**

## दादी जानकी 'स्वच्छ भारत अभियान' की ब्राण्ड एम्बैसडर



स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रपति भवन में वैंकइया नायडू, यूनियन मिनिस्टर फॉर अर्बन डेवलपमेंट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका दादी जानकी को प्राप्त 'स्वच्छ भारत अभियान' के ब्राण्ड एम्बैसडर का अवॉर्ड महामहिम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा ब्र.कु. मृत्युंजय, एक्ज़ीक्युटिव सेक्रेट्री ऑफ ब्रह्माकुमारीज़ ने प्राप्त किया। महामहिम राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी व वैंकइया नयडू ने सभी एम्बैसडर्स का हौसला बढ़ाते हुए बधाई दी। इस अवसर पर भारत के 150 से अधिक प्रख्यात एवं महत्वपूर्ण व्यक्तित्व उपस्थित रहे।

## राजनीति में राजयोग मेडिटेशन

**शांतिवन।** राजनीतिज्ञों को जनता के विश्वास और उनकी समस्याओं के समाधान पर खरा उतरना ज़रूरी होता है। ऐसे में कई बार तनाव और डिप्रेशन होना आम बात हो गई है। राजयोग मेडिटेशन इसमें मदद कर सकता है। उक्त उद्‌गार ब्रह्माकुमारीज़ के राजनीतिक प्रभाग द्वारा राजनीतिज्ञों के लिए आयोजित सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुरेश पुजारी ने व्यक्त किये।

संस्था की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी ने कहा कि राजयोग ध्यान ही एक ऐसी विधि है जिससे मनुष्य अपने जीवन में श्रेष्ठ संकल्पों और आचरण का विकास करता है।



सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए दादी जानकी। साथ हैं ब्र.कु. बृजमोहन व ब्र.कु. मोहिनी दीदी।

प्रभाग के अध्यक्ष ब्र.कु. बृजमोहन ने कहा कि राजनीति अर्थात् बेहतर नेतृत्व करना, वह तभी आयेगा जब हम अपने ऊपर राज करना सीखेंगे। कड़प्पा आन्ध्र प्रदेश के विधायक रघु राम रेड्डी ने कहा कि राजनीतिज्ञों का जीवन भी एक मनुष्य का ही जीवन है इसलिए उन्हें भी आध्यात्मिक शक्ति की ज़रूरत है।

कार्यक्रम में नेपाल के सांसद गोपाल गुरागेन, राजनीतिक प्रभाग की उपाध्यक्ष ब्र.कु. मोहिनी, राष्ट्रीय संयोजिका ब्र.कु. लक्ष्मी और ब्र.कु. उषा समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510. सदस्यता के लिए सम्पर्क- M - 9414006096, 9414182088,
Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info
सदस्यता शुल्क: भारत - वार्षिक 190 रुपये, तीन वर्ष 570 रुपये, आजीवन 4500 रुपये । विदेश - 2500 रुपये (वार्षिक) कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/15-17, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2015-17, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 15th Sep 2015
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.बी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।